CBSE Class 12 Shorthand (Hindi) 2018 - Set 200

Question Paper

Conducted by the Central Board of Secondary Education (CBSE)

Time Allowed: 2 Hours **Maximum Marks: 30**

General Instructions

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

Questions

1. वक्र रेखाओं के अंदर लिखे गए एक प्रारंभिक बड़े हुक से किस व्यंजन का योग होता है ?

2. व्यंजन रेखा 'व' को आधा करने से किस प्रत्यय का योग होता है ?

3. ज़ व्यंजन आरंभ और अंत में किस प्रकार प्रकट किया जाता है ? उदाहरण दीजिए ।

4. सीधी रेखाओं में न का योग करने के लिए छोटा हुक प्रारंभ में लगाया जाता है या अंत में ?

5. र हुक लगी रेखा के आरंभ में वृत्त स का प्रयोग किस प्रकार किया जाता है ?

6. व्यंजन 'ख' को आधा करने से किस प्रत्यय को प्रकट किया जा सकता है ?

7. व्यंजन श के साथ र तथा ल हुक के प्रयोग उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए ।

8. गहरी रेखाओं को आधा करने के नियम उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए ।

9. कौन-कौन-सी व्यंजन रेखाओं को 'य' व्यंजन के योग के लिए मोटा किया जाता है ? प्रत्येक के दो-दो उदाहरण दीजिए ।

10. अर्द्धीकरण (रेखाओं को आधा करने) के किन्हीं चार नियमों को उदाहरण देते हुए समझाइए ।

11. 'अ' उपसर्ग को स्वर के रूप में प्रयोग करने पर आशुलिपि में कई व्यंजनों के रूप बदल जाते हैं । उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए ।

12. जनक का प्रत्यय के रूप में प्रयोग करते हुए चार शब्द व उनके आशुलिपि रूप बनाइए ।

13. वृत्त स को ह व्यंजन के पहले किस प्रकार लिखा जाता है ? साहू और सहारा के रूप लिख कर नियम बताइए ।

14. उपसर्ग और प्रत्यय में क्या अंतर है ? नव तथा आत्म उपसर्गों का प्रयोग करते हुए तीन-तीन शब्द बनाइए और उनके आशुलिपि रूप दीजिए ।

15. व्यंजन रेखा पर काट का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित को आशुलिपि में लिखिए :

(क) गृह मंत्रालय

(ख) योजना आयोग

(ग) पोलिटिकल पार्टी

(घ) कार्य पद्धति

(ङ) सम्मानजनक

16. निम्नलिखित को आशुलिपि में लिखिए :

(क) सुप्रीम कोर्ट

(ख) शांतिपूर्ण

(ग) प्रदेश सरकार

(घ) संचार मंत्री

(ङ) शीतकालीन अधिवेशन

(च) राष्ट्रपति महोदय

(छ) सरकारी कर्मचारी

(ज) हरियाणा

(झ) शुक्रवार

(ञ) जुलाई

OR

16. जोड़े वाले (साथ-साथ आने वाले) शब्दों को आशुलिपि में किस प्रकार लिखते हैं ? निम्नलिखित शब्दों को आशुलिपि में लिखिए :

(क) खेल-कूद

(ख) जीवन-मरण

(ग) आँधी-पानी

(घ) दिन-रात

(ङ) लाभ-हानि

- End of Question Paper -